# एसपी ने थाना स्टेशनगंज और रेलवे स्टेशन का किया भ्रमण

## असमाजिक तत्वों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के दिए निर्देश



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक द्वारा देर रात्रि में को थाना स्टेशनगंज एवं रेल्वे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होने असमाजिक तत्वों के विरूद्ध कार्यवाही एवं क्षेत्र अंतर्गत आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम हेतु सख्त निर्देश दिए। जिला अंतर्गत माफियांओं एवं अपराधिक तत्वों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में पुलिस का खौफ उत्पन्न कराना एवं आम नागरिक को पुलिस की उपस्थिति का सुखद अहसास कराना है। अभियान के तहत जिला अंतर्गत स्थायी फरारी/गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड के साथ. साथ जिला बदर अपराधियों की औचक चैकिंग करना इसी के साथ-साथ थानों में लंबित गंभीर अपराधों के आरोपियों की तलाश करना है, अवैध कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने हेतु असमाजिक तत्वों की धरपकड की जा रही है।

**थाना स्टेशनगंज का औचक निरीक्षण एवं रेल्वे स्टेशन का भ्रमण**

जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा देर रात्रि थाना स्टेशनगंज का औचक निरीक्षण एवं थानों के रिकार्ड, रजिस्टर एवं हवालात को चैक किया गया इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक द्वारा रेल्वे स्टेशन का भी भ्रमण किया गया इसके साथ-साथ सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों साथ ही चौराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर झुन्ड बनाकर खडे होने वाले व्यक्तियों से पूछाताछ कर चेतावनी दी गयी।

### असमाजिक तत्वों के विरुद्ध करें सख्त कार्यवाही

थाना प्रभारी को निर्देश दिए गए कि ऐसे स्थानों को चिन्हित करे जिने स्थानों पर नकबजनी/संपत्ति संबंधी अपराधों की घटनाएं अधिक होती है तथा उन स्थानों पर निरंतर पुलिस की उपस्थिति सुनिश्चित करे साथ ही थाना प्रभारी स्वयं भी सुबह शाम उक्त चिन्हित स्थानों पर भ्रमण करे। पुलिस अधीक्षक द्वारा यह भी निर्देश दिये गये क्षेत्र की चाय/पान की दुकानों, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन की दुकानों पर नजर रखे एवं संदिग्ध व्यक्तियों से उनके पहचान पत्र एवं अन्य आवश्यक जानकारियां लेकर उनके फोटो लेकर पूछ्ता करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही चिन्हित स्थानों पर स्थित दुकानों पर जाकर दुकानदारों को हिदायत दे कि वे किसी भी संदिग्ध व्यक्ति को अनावश्यक रूप से दुकान पर बैठने न दे साथ ही उन्हे इस बात की हिदायत दी जावे कि बाहरी व्यक्तियों के बारे में आवश्यक रूप से पुलिस को सूचित करें।

# वैश्य सम्मेलन तहसील इकाई का मिलन कार्यक्रम संपन्न



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वैश्य सम्मेलन तहसील इकाई नरसिंहपुर का मिलन कार्यक्रम एवं बैठक 22 मार्च को इंजीनियर के के सोनी के निवास पर संपन्न हुई। जिसमें तहसील इकाई की नवीन कार्यकारिणी के गठन के संबंध में विचार विमर्श किया गया। इस संबंध में वैश्य महासम्मेलन के वरिष्ठ सदस्य संरक्षक संतोष अवधिया ,आशीष नेमा, विनीत नेमा, प्रदीप नेमा ने अपने विचार रखें । बैठक में सर्व सहमति से तहसील अध्यक्ष के के सोनी द्वारा जिन दायित्व के लिए नियुक्तियां की गई उनमें सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी आशुतोष वर्मा एवं शिक्षा प्रकोष्ठ के लिए प्रभारी बसंत सोनी को नियुक्त किया गया। शेष नियुक्तियां आगामी बैठक में विचार विमर्श कर की जाएगी ऐसा निश्चित हुआ। साथ ही वैश्य दिवस पर सभी सभी साथियों के साथ वैश्य दिवस मनाने की योजना पर चर्चा हुई । कार्यक्रम में संगीत में भजन एवं हनुमान चालीसा का आयोजन हुआ।

## सार-समाचार

### विश्व जल दिवस के उपलक्ष में सीता रेवा नदी पर किया बोरी बधानं

**गाडरवारा देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड चीचली की नवांकुर संस्था के द्वारा जल संरक्षण सम्वर्धन गतिविधि के तहत विश्व जल दिवस के अवसर पर ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भमका के द्वारा सीता रेवा नदी में बोरी बंधान श्रमदान कर जल संरक्षण कार्य किया। इस बोरी बंधान से जल का उपयोग पशु पक्षियों को पेयजल व बोरी बंधान से भूजल स्तर में भी बढ़ोतरी होगी छोटी-छोटी जल संरचनाओं का संरक्षण व संवर्धन कर पृथ्वी पर जल को बचाया जा सकता है। अंत में सभी उपस्थित जनों ने जल को संरक्षित करने की शपथ ली।

### रक्तदान जागरुकता शिविर में छह छात्र-छात्राओं ने किया रक्तदान

**गाडरवारा देशबन्धु।** अम्बाजी कम्प्यूटर एंड करियर समिति के तत्वाधान श्री साईं श्रद्धा सेवा समिति के विशेष सहयोग से शहीद भगत सिंह की स्मृति में शासकीय सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ साहित्यकार कुशलेंद्र श्रीवास्तव, अस्पताल अधीक्षक डॉ राकेश बोहरे, साईं समिति अध्यक्ष प्रदीप ब्रिजपुरिया, वरिष्ठ समाजसेवी मुकेश बसेड़िया, साईं श्रद्धा सेवा समिति संस्थापक आशीष राय, ब्लड स्टोरेज प्रभारी डॉ बबीता सिंह की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में अतिथियों ने अपने उदवोदन में कहा कि अम्बाजी कम्प्यूटर के विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे इस रक्तदान की जितनी तारीफ की जाए कम है। छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए अवगत कराया गया कि यह कार्यक्रम अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु की याद मे किया जा रहा है। रक्तदान की महत्वता एवं किसी व्यक्ति की जान बचाने, रक्तदान महादान के संबंध में बहुत ही गहरी बात रखी। तत्पश्चात साईं श्रद्धा सेवा समिति के द्वारा प्रथम अधीक्षक डॉ राकेश बोहरे और राजकुमार सोनी की सेवा समर्पण हेतु प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त समिति संरक्षक सुभाष सोनी ने किया। वहीं अस्पताल से निखिल साहू,अजय घारु,नरेश कोरी एवं अभिषेक नामदेव, सोनाली रैकवार, नेहा नामदेव, प्रियंका, प्रिया, साधना एवं छात्र-छात्राओं का अभूतपूर्व सहयोग मिला।

### एनएसयूआई की कार्यकारिणी घोषित

**नरसिंहपुर, देशबन्धु ।** एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देश अनुसार एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एन.पी प्रजापति , पूर्व विधायक सुनील जायसवाल, पूर्व विधायक संजय शर्मा , पूर्व विधायक सुनीता पटेल , पूर्व जिला अध्यक्ष मैथिलीशरण तिवारी, जिला कार्यकारी अध्यक्ष लखन सिंह पटेल, प्रदेश कांग्रेस सचिव मनीष राय, युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव अतुल चौरसिया, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष रोहित पटेल की सहमति से जिला एन एस यू आई अध्यक्ष ईशान राय ने संगठन की कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिसमें जिला उपाध्यक्ष - आयुष चौकसे, समर्थ राजपूत, निकेत कौरव, इसके अलावा अन्य पदाधिकारी भी बनाए गए हैं साथ ही कार्यकारिणी में 35 सदस्य नियुक्त किए गए हैं।

### भगवती बाई का निधन



**नरसिंहपुर।** हाउसिंग बोर्ड शंकराचार्य वार्ड निवासी श्रीमती भगवती बाई स्वर्गीय श्री दुर्गा प्रसाद राय की पत्नी एवं अनिल राय ,अभय राय एवं दिलीप राय की माताजी एवं अर्चना राय, अल्का राय, नीतू राय की सासु मां का स्वर्गवास अस्वस्थता के चलते हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 23 मार्च को सुबह 11 बजे निजी निवास हाउसिंग बोर्ड से मुक्तिधाम नकटुआ के लिए निकलेगी।

## रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर ट्रॉली जब्त

**अनूपपुर, देशबन्धु।** वेंकटनगर चौकी क्षेत्र अंतर्गत सुलखारी घाट अलान नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर उसका परिवहन किए जाने की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनो ट्रैक्टर को जब्त करते हुए दोनो बिना नंबर के ट्रैक्टर चालक वा मालिक के खिलाफ प्रकरण पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया गया। मामले की जानकारी के अनुसार 22 मार्च को मुखबिर से मिली सूचना कि अलान नदी सुलखरी में दो बिना नंबर की ट्रैक्टर में अलान नदी सुलखारी घाट से ट्राली में लोड़ कर ग्राम सुलखारी जाने वाला हैं। मुखबिर की सूचना मिलते ही पुलिस ने सुलखारी रास्ते पर पहुंचा तो अलान नदी घाट की तरफ से सुलखारी गांव की ओर आते हुए बिना नंबर की दो ट्रेक्टर को रोका गया।

# विद्यार्थियों को दी मौलिक अधिकार व कानून की जानकारी



**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सरस्वती बाल विहार हाई स्कूल सिंहपुर बड़ा छात्र छात्राओं को आज विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अखिलेश शुक्ला के निर्देशन में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश मीणा के मार्गदर्शन में पैरालीगल वालिटीयर आशुतोष स्वामी ने छात्र छात्राओं को मौलिक अधिकार एवं कानून की जानकारी दी गई। जिसमें उन्होने बताया कि निशुल्क वकील की सहायता ऐसा व्यक्ति जिसकी वार्षिक आय दो लाख रुपये से कम है उनको निशुल्क सरकारी वकील मिलता है।

न्याय सब के लिए एक जैसा है, इसमें नागरिकों को शीघ्र, सस्ता, सुलभ न्याय उपलब्ध कराया जाता है एवं समय समय पर लोक अदालत लगती है इसमें सभी प्रकार के प्रकरण हल किये जाते हैं छात्र छात्राओं को न्यायालय की कार्य प्रणाली से अवगत कराया गया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी, एवं मौलिक अधिकार कर्तव्य, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें एवं उनके सरक्षण के लिए योजना की जानकारी दी गई। मोबाइल का सदुपयोग- दुरुपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया । छात्र छात्राओं को ऑनलाइन मोबाइल गेम न खेलने के लिए बोला गया इससे पैसा एवं समय बर्बाद होता है, गलत साइट को लिंक न करें, न ही किसी को भी ओटीपी न बताये कई सरकारी विभागों के हेल्पलाइन नंबर बताये गए जैसे विधिक सेवा का हेल्पलाइन नंबर 15100 है एवं केंद्र सरकार राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई। छेड़छाड़, बलात्कार, घरेलू हिंसा होती है तो तत्काल थाने में अथवा आपके मोबाइल से एफआईआर दर्ज करवाये जिससे न्यायालय उसको सजा दे सकता है संस्था में प्राचार्य अरविंद पाठक, तरुण तिवारी एवं पीएलवी आशुतोष स्वामी उपस्थित रहे।

## विश्व जल दिवस पर बाणगंगा नदी पर 84 बोरियों का हुआ बंधान

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विश्व जल दिवस पर जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में मप्र जनअभियान परिषद की गोटेगांव विकासखंड के तत्वावधान में गोटेगांव विकासखंड के ग्राम मानेगांव स्थित बाणगंगा नदी पर 84 बोरियों का बंधान किया गया।

इस कार्य में जनअभियान परिषद की नवांकुर संस्थाओं के परामर्शदाताओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्यों व सीएमसीएलडीपी के विद्यार्थियों और आम नागरिकों के सहयोग से किया गया।

# पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर टूटी हुई रैलिंग सुधरवाई

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु नरसिंहपुर पुलिस द्वारा चलायी जा रही विशेष मुहिम। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए तेन्दूखेडा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर टूटी हुयी रैलिंग को एनएचआई के सहयोग से सुधरवाया गया। जिले में सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु नरसिंहपुर पुलिस द्वारा मुहिम चलायी जाकर ऐसे स्थानों को चिन्हित किया गया जाकर उन स्थानों पर सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु विशेष उपाय किये जा रहे है। इसी क्रम में तेन्दूखेडा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग से लगे हुये स्कूली बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सडक किनारे लगी हुयी रैलिंग टूट गयी थी जिससे स्कूल आने जाने वाले बच्चों को खतरा उत्पन्न हो रहा था। उक्त टूटी हुयी रैलिंग को नरसिंहपुर पुलिस द्वारा एनएचआई के सहयोग से सुधरबाया गया है।



## युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन नरसिंहपुर में आज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** जिला स्तरीय स्वरोजगार/ अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 24 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे। स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में विभागों द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही विभिन्न प्रतिष्ठित कम्पनियों द्वारा अभ्यर्थियों का चयन कर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों के माध्यम से स्वरोजगार के लिए उपलब्ध कराये गये ऋण वितरण एवं निजी क्षेत्र की कम्पनियों एवं फर्मों के द्वारा निर्धारित मापदंडानुसार रोजगार उपलब्ध कराये जावेंगे। इस संबंध में प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी ने व्यापक प्रचार- प्रसार करने के लिए शिक्षक संस्थानों से कहा है। इच्छुक आवेदक अपने समस्त दस्तावेजों के साथ कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर इस अवसर का लाभ ले सकते हैं। जिले की विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोक्ता जिन्हें अपनी कम्पनी/ शोरूम एवं अन्य प्रतिष्ठित निजी संस्थाओं के लिए कर्मचारियों की आवश्यक है, वह भी मेला स्थल पर स्टॉल लगाकर रोजगार उपलब्ध करा सकते हैं।

# बिजली लाइन सुधारने के दौरान व्यक्ति की मौत

## लोगो ने किया चक्काजाम, लाइनमैन निलंबित

**गाडरवारा देशबन्धु।** विगत दिवस गाडरवारा तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम बरेली कठोतिया निवासी प्रेमनारायण कौरव की बिजली लाइन को ठीक करने के दौरान करंट लगने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों घायल व्यक्ति को लेकर सिविल अस्पताल पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद नाराज परिजनों ने अस्पताल के सामने ही चक्काजाम कर दिया। साथ ही बिजली ठेकेदार और लाइनमैन को गिरफतार करने की मांग करने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को समझाया गया। तब जाकर चक्का जाम खत्म किया। घटना गाडरवारा थाना क्षेत्र में बरेली कठोतिया में हुई है। शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। विद्युत कंपनी ने लाइनमैन को निलंबित कर दिया गया है।



मृतक प्रेमनारायण कौरव के भाई भगवत कौरव ने बताया कि ठेकेदार और लाइनमैन ने उनके भाई को बिजली लाइन ठीक करने के लिए बुलाया था, लेकिन काम के दौरान अचानक बिजली सप्लाई शुरू हो गई, जिससे करंट लगने से उसकी मौत हो गई। परिजनों का कहना है कि ठेकेदार और लाइनमैन ने काम के लिए परमिट लिया था, फिर विद्युत सप्लाई कैसे चालू हो गई। मामले को लेकर स्थानीय थाना प्रभारी विक्रम रजक ने बताया कि मृतक के परिजनों की मांग थी कि ठेकेदार और लाइनमैन पर कार्रवाई हो, पोस्ट मार्टम करवाकर मर्ग कायम कर लिया है, मामले में जांच जारी है। वही बिजली विभाग ने लाइनमैन को निलंबित कर दिया है।

## युवा संगम कार्यक्रम नरसिंहपुर में 24 को

**नरसिंहपुर।** जिला स्तरीय स्वरोजगार/ अप्रेंटिसशिप एवं रोजगार के अवसर के लिए युवा संगम कार्यक्रम शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर में 24 मार्च को प्रातः 10.30 बजे से सायं 4 बजे तक जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में शासन की विभिन्न स्वरोजगार मूलक योजनाओं के ऋण वितरण पत्र जारी किये जायेंगे। स्वरोजगार मूलक योजनाओं के बारे में विभागों द्वारा जानकारी प्रदान की जायेगी।

# 25 मार्च को मनाई जाएगी मां कर्मा देवी जयंती

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** स्थानीय नरसिंहपुर साहू समाज की मां कर्मा देवी आयोजन समिति द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भव्यता एवं दिव्यता के साथ आगामी 25 मार्च 2025 को भक्त शिरोमणि मां कर्मा देवी जी जयंती महोत्सव धूमधाम से होटल सावित्री सिग्नेचर नरसिंहपुर में मनाया जाएगा।जयंती महोत्सव में होने वाले विविध कार्यक्रम होगें जिसमें 24 मार्च 2025 दिन सोमवार को मेहंदी रंगोली पेंटिंग दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक फैंसी ड्रेस, डांस प्रतियोगिता दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे रखी गई है । प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को स्वयं की सामग्री लाना अनिवार्य रखा गया है। दूसरे दिन 25 मार्च दिन मंगलवार को सुबह 8बजकर 30 मिनिट पर वाहन रैली जनपद मैदान सुभाष पार्क से बाहरी रोड ,पुत्री शाला से मेन रोड होते हुए कार्यक्रम स्थल होटल सावित्री सिग्नेचर पर समापन होगा। समय का ध्यान रखते हुए सभी साथियों को आधा घंटे पूर्व पहुंचने का आग्रह किया गया है। युवा वर्ग अध्यक्ष मनीष साहू बंटी एवम् महिला वर्ग श्रीमति सुमन सुधीर साहू ने अपनी संयुक्त विज्ञप्ति जारी कर बताया कि साहू समाज की आराध्य भक्त संत शिरोमणि मां कर्मा देवी की 1009वीं जयंती महोत्सव 25 मार्च 2025 दिन मंगलवार को शाम 6 बजे से सर्वप्रथम मां कर्मा देवी जी का पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ पूजन अर्चन आरती वंदन किया जाएगा।

तदोपंरात 5 बुजुर्ग दंपतियों का सम्मान किया जाएगा दोनों अध्यक्षों का उद्बोधन, रंगोली मेहंदी पेंटिंग फैंसी ड्रेस डांस प्रतियोगिताएं में भाग लेने का पुरस्कार वितरण, समस्त पदाधिकारी का परिचय वितरण होगा।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नात्कोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए